## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 03.09.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य में रिक्त संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर झारखंड हाईकोर्ट सख्त, राज्य सरकार से 10 सितंबर तक मांगी समयसीमा।**
2. **रांची में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय निर्वाचन सम्मेलन संपन्न, लोकतांत्रिक सहभागिता और एआई तकनीक पर हुई विस्तृत चर्चा।**
3. **छात्र आंदोलन मामले में मुख्य सचिव से मिला सत्तारुढ़ गठबंधन का प्रतिनिधिमंडल, अराजक तत्वों पर कार्रवाई की मांग, भाजपा ने कसा तंज।**
4. **रांची में महिला किसान खुशहाली योजना पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित, 5 वर्षों में तैयार की जाएंगी 1 हजार 680 मॉडल महिला किसान।**
5. **14वीं राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में 9 पदक जीतने वाले राज्य के जांबाज खिलाड़ियों ने लोकभवन में राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट।**

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी अध्यक्ष और अन्य रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि वन विभाग से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को 10 सितंबर तक समयसीमा बताने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने पहले कहा था कि जेपीएससी अध्यक्ष का पद लंबे समय तक खाली नहीं रखा जा सकता।

*******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय और केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के सहयोग से रांची में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता सूची 2026 संपन्न हो गया है, जिसमें मतदाता सूची को लोकतांत्रिक सहभागिता की आधारशिला बताया गया। सम्मेलन के दौरान एआई, डिजिटलीकरण और विभिन्न देशों की चुनावी प्रथाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

*******************

गिरिडीह के जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त रामनिवास यादव ने डुमरी और सरिया में बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष पूरा करने वाले सभी युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिया। बगोदर और डुमरी विधानसभा क्षेत्रों से अब तक कुल 9 हजार 251 प्रपत्र–6 प्राप्त हुए हैं।

*******************

रांची में आज सत्तारूढ़ दल झामुमो, कांग्रेस और राजद के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से मुलाकात की। नेताओं ने पिछले दिनों हुए छात्र आंदोलन में शामिल अराजक तत्वों को चिन्हित कर दंडित करने की मांग की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि गांधीवादी तरीके से आंदोलन कर रहे छात्रों के बीच कुछ अराजक तत्वों ने घुसकर माहौल बिगाड़ने का काम किया है, जिन्हें बेनकाब करना बेहद ज़रूरी है।

*******************

रांची में मुख्य सचिव से इंडिया गठबंधन की मुलाकात पर भाजपा ने तंज कसा है। पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सरकार छात्र आंदोलन के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सीआईडी जांच का ड्रामा कर रही है। उन्होंने सरकार को भाजपा द्वारा दिए गए 48 घंटे के अल्टीमेटम की याद दिलाते हुए कहा कि छात्रों को न्याय न मिलने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट के पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति हरीश चंद्र मिश्रा के निधन पर गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर दिवंगत न्यायमूर्ति को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका निधन न्याय जगत और झारखंड के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

*******************

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले कल रांची के मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथि गृह में सुबह साढ़े ग्यारह बजे एक प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे। अपने झारखंड दौरे पर केंद्रीय मंत्री राज्य में चल रहे विभिन्न विकास कार्यक्रमों और सामाजिक कल्याण से जुड़े मुद्दों पर मीडिया से चर्चा करेंगे।

*******************

रांची में आज महिला किसान खुशहाली योजना के तहत राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समेकित खेती के जरिए महिला किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करेगी। योजना के तहत हर जिले से 70 महिलाओं को जोड़कर 5 वर्षों में 1680 मॉडल महिला किसान तैयार की जाएंगी।

*******************

इडी ने सरायकेला के कोहिनूर पावर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े 290 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में कोलकाता के 11 ठिकानों पर छापेमारी की है। जांच के अनुसार, चांडिल थर्मल पावर प्लांट के नाम पर बैंकों से लिया गया कर्ज फर्जी कंपनियों और निजी संपत्तियों में डायवर्ट किया गया था। तलाशी के दौरान कई अहम दस्तावेज़ और लैपटॉप जब्त किए गए हैं।

*******************

गुमला जिले के पालकोट प्रखंड कार्यालय से आज एसीबी की रांची टीम ने मनरेगा बीपीओ हरीश प्रजापति को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एक लाभुक की शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने यह योजनाबद्ध कार्रवाई की। आवश्यक पूछताछ और दस्तावेज़ों की जांच के बाद टीम आरोपी बीपीओ को रांची ले गई है।

*******************

पूरे राज्य में कल मनाए जाने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बाजारों में रौनक है और मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है। विस्तृत जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता।

*******************

14वीं राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक जीते हैं। इनमें 4 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। इस उपलब्धि पर पदक विजेता खिलाड़ियों ने लोकभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

*******समाप्त********